पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, कार्तिक 25, 1945
गुरुवार, नवंबर 16, 2023

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने जकार्ता में 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के मौके पर अपने इंडोनेशियाई और वियतनामी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 16 नवंबर, 2023 को जकार्ता, इंडोनेशिया में 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक -प्लस (एडीएमएम-प्लस) के मौके पर अपने इंडोनेशियाई और वियतनामी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री श्री प्रबोवो सुबियांतो के साथ अपनी बैठक के दौरान, श्री राजनाथ सिंह ने इस वर्ष आसियान में इंडोनेशिया के नेतृत्व और एडीएमएम-प्लस के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों का जायजा लिया और विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के लिए फिर से प्रतिबद्ध हुए। उन्होंने प्रशिक्षण, स्टाफ वार्ता और अभ्यास के रूप में नियमित आदान-प्रदान की भी समीक्षा की तथा रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा की। दोनों देशों ने 2021-2024 चक्र के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) पर विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की सह-अध्यक्षता की है।

श्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग के साथ भी बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने जून 2022 में रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित '2030 की ओर भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी पर संयुक्त दृष्टि वक्तव्य' के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, रक्षा उद्योग सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा, द्विपक्षीय जहाज यात्राओं और अभ्यासों सहित व्यापक स्पेक्ट्रम में फैले बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रक्षा मंत्री ने 10वें एडीएमएम-प्लस के अवसर पर आसियान के महासचिव डॉ काओ किम होर्न से भी मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने आसियान केंद्रीयता के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। श्री राजनाथ सिंह ने आसियान-भारत गतिविधियों में आसियान देशों की उत्साहयुक्त भागीदारी की सराहना की। इन गतिविधियों में पहली आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक, पहला आसियान-भारत समुद्री अभ्यास, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं के लिए भारत की पहलें और समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण प्रतिक्रिया शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने आसियान-भारत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आसियान सचिवालय के उत्कृष्ट समर्थन की सराहना की। उन्होंने आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के मद्देनजर आसियान-भारत सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

इससे पहले श्री राजनाथ सिंह ने 10वें एडीएमएम-प्लस में भाग लिया। उन्होंने एडीएमएम-प्लस की सफल अध्यक्षता के लिए इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री को बधाई दी। बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री ने एडीएमएम-प्लस के नए अध्यक्ष के रूप में लाओस का स्वागत किया और 2024 में कार्यक्रमों के संचालन के लिए उनकी सफलता की कामना की।

एबीबी/एसएस